# छत्तीसगढ़ हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा, 2016

## अनसॉल्व्ड पेपर्स ( कॉमर्स ग्रुप ) कक्षा—XII

## हिन्दी मीडियम

## विषय—हिन्दी विशिष्ट Set-A

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 25 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय एवं खण्ड-(ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निर्धारित हैं। कुल 10 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 में 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8-8 अंक निर्धारित हैं। निबंध लेखन में शब्द-सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) 'उसने कहा था' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(अ) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' (ब) रत्नाकर
(स) प्रभाकर (द) दिनकर

(ii) 'मगहर' किस कवि से संबंधित है जहाँ वे अन्तर्ध्यान हुए थे ?

(अ) तुलसी (ब) कबीर
(स) जायसी (द) सूर

(iii) 'छत्तीसगढ़ी कुंडलियाँ' लिखने वाले कवि हैं।

(अ) पं. श्यामलाल (ब) डॉ. उमाशंकर तिवारी
(स) जमुना प्रसाद कसार (द) रमेश तिवारी

(iv) मात्रा की गणना पर आधारित छंद कहलाता है :

(अ) वर्णिक छंद (ब) मुक्त छंद
(स) मात्रिक छंद (द) सम छंद

(v) शांत रस का स्थायी भाव है :

(अ) हास (ब) शोक
(स) निर्वेद (द) भय

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) भक्त सदैव .................... की कृपा की चाह करता है।

(ii) 'जय लक्ष्मी-सी' में .................... अलंकार है।

(iii) जिस वाक्य में दो या दो से अधिक प्रधान उपवाक्य हों, उसे .............. वाक्य कहते हैं।

(iv) रत्नाकर जी की काव्यभाषा .................... रही है।

(v) कवि दिनकर ने .................... की महत्ता प्रतिपादित की है।

2. कौक पक्षी क्यों उड़ रहा है ?
3. 'बेजुबान' शब्द का प्रयोग लेखक ने जिसके लिए किया है ?
4. 'चुरकी और मुरकी' कहानी हमें क्या संदेश देती है ?
5. रस-निष्पत्ति कैसे होती है ?
6. माधुर्य गुण किसे कहते हैं ?
7. सच को झूठ और झूठ को सच कर देना किसके बाएँ हाथ का कार्य था ?
8. ईश्वर के प्रति सर्वस्व समर्पण का भाव किस साखी में है ? समझाइए।
9. उद्धव अपने कुर्ते की बाँहों से आँसुओं को क्यों पोंछ रहे थे ?
10. महाकाव्य के तीन लक्षण लिखिए।
11. मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य में अंतर बताइए।
12. 'सूखी डाली' एकांकी के अनुसार बेला दुःखी क्यों है ?
13. "तुम्हारी प्रेरणाओं से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है" से कवि का क्या तात्पर्य है ?
14. शब्दालंकार एवं अर्थालंकार में अंतर लिखिए।

**अथवा**

संदेहवाचक वाक्य एवं संकेतवाचक वाक्य में अंतर लिखिए।

15. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी **अथवा** उपेन्द्रनाथ 'अश्क' का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ : कोई दो

(ii) भाषाशैली की विशेषताएँ : कोई दो

(iii) साहित्य में स्थान

16. 'फ्री स्टाइल गवाही' शीर्षक के नामकरण के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

"वे गीता की भावना में मग्न रहते थे।" गीता की भावना क्या है ?

17. "कवि ने भाग्यवाद की अपेक्षा कर्मवाद की प्रतिष्ठा की है।" उदाहरण सहित लिखिए।

**अथवा**

'कामायनी' के आशा सर्ग का केन्द्रीय भाव लिखिए।

18. मलिक मुहम्मद 'जायसी' **अथवा** गजानन माधव 'मुक्तिबोध' का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ कोई **दो**

(ii) भावपक्ष एवं कलापक्ष : **तीन** विशेषताएँ

19. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) हथेली पर सरसों उगाना (ii) मुँह की खाना

(iii) मिट्टी में मिलना (iv) सीने में दम होना

**अथवा**

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) निरपराधी को दंड देना अनुचित है।

(ii) राम और सीता वन जा रही है।

(iii) शायद वे जरूर आयेंगे।

(iv) वहाँ अकाल सम्बंधी खतरे का डर है।

20. अपने मित्र को एक पत्र लिखिए और उसमें ऐतिहासिक दृष्टि से किसी महत्वपूर्ण स्थान के भ्रमण का वर्णन कीजिए। उस स्थान का क्या महत्व है तथा वहाँ आपको सबसे अधिक क्या पसंद आया ?

**अथवा**

डाक-वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई हो, उसके संबंध में एक शिकायती पत्र अधीक्षक, डाक-तार विभाग को लिखिए।

21. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग-विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

मैं तुम लोगों से इतना दूर हूँ
तुम्हारी प्रेरणाओं से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है
कि जो तुम्हारे लिए विष है,
मेरे लिए अन्न है।
मेरी असंग स्थिति में चलता-फिरता साथ है,
अकेले में साहचर्य का हाथ है,
उनका जो तुम्हारे द्वारा गर्हित हैं,
किंतु वे मेरी व्याकुल आत्मा में बिम्बित हैं, पुरस्कृत हैं
इसीलिए तुम्हारा मुझ पर सतत आघात है।

**अथवा**

कबीरा यह तन जात है, सकै तो राख बहोर।
खाली हाथों वे गये, जिनके लाख-करोर।।
हंसा पय को काढ़ि लै, क्षीर नीर निरवार।
ऐसे गहै जो सार को, सो जन उतरे पार।।

bjects.com

22. लहना सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए।

**अथवा**

प्रलय के बाद प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन हुए ? इसे सोदाहरण समझाइए।

23. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की संदर्भ-प्रसंग-विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है। जब पूज्य भाव की वृद्धि के साथ श्रद्धा-भाजन के सामीप्य लाभ की प्रवृत्ति हो, उसकी सत्ता के कई रूपों के साक्षात्कार की वासना हो, तब हृदय में भक्ति-भाव का प्रादुर्भाव समझना चाहिए। जब श्रद्धेय के दर्शन, श्रवण, कीर्तन, ध्यान आदि में आनन्द का अनुभव होने लगे, जब उससे संबंध रखने वाले श्रद्धा के विषय की अतिरिक्त बातों की ओर भी मन आकर्षित होने लगे, तब भक्ति रस का संचार समझना चाहिए।

**अथवा**

अनेक छोटी-छोटी बातों का, जो किसी बंदी के जीवन में सुइयों की चुभन बन जाती हैं और जीवन को दूभर बना देती हैं, उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता था। वे गीता की भावना में मग्न रहते थे। और शायद इसीलिए वे दुःख और यंत्रणाओं के ऊपर रहते थे। यही कारण है कि उन्होंने उन यंत्रणाओं के बारे में किसी से कभी एक शब्द भी नहीं कहा।

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(i) जीवन में खेलों का महत्व

(ii) वर्तमान शिक्षा प्रणाली के गुण एवं दोष

(iii) मोबाइल क्रांति

(iv) यातायात-नियमों के पालन की आवश्यकता

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते हैं पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास। मित्र एक ऐसा सखा, गुरु तथा माता होता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) मैत्री में कौन-कौन से भाव सम्मिलित हैं?

(iii) मैत्री में सबसे आवश्यक क्या है ?

(iv) सबके स्थानों को पूर्ण कौन करता है ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।